यह सिद्धांत नहीं चलेगा । आज आवश्यकता इस बात की है कि विदेशी ताकतों के इशारे पर, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लिये लोगों के बढ़ावे पर जो लोग आतंकवाद फैला रहे हैं, हमें उस आतंकवाद का मुकाबला करना चाहिए । जो भी आतंकवादी हैं, चाहे वे गुरुद्वारों में, मस्जिदों में हों, मंदिरों में हो, चाहे गरिजाघरों में हों या अन्य जिस किसी स्थान में हों, जो हमारी कानून की व्यवस्था है, डी०आई०आर० की व्यवस्था है, उसके मातहत उनको बंद करना चाहिए और जो संतों के नाम पर आतंकवादी बने हुए हैं उनके खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए । गुरु गोविन्द सिंह जी संत थे, गुरु नानक जी संत थे, जिन्होंने सारी मानवता के हितों की रक्षा के लिए उपदेश दिये, अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया । चाहे सिख हों, चाहे मुसलमान हों, चाहे क्रिश्चियन धर्म में विश्वास करने वाले हों, चाहे हिन्दू हों, सब यहीं के नागरिक हैं, इस धरती में उत्पन्न हुए हैं, यहां की हवा में सांस लेते हैं, यहां उत्पन्न होने वाले अन्न को खाते हैं, यहां के वाता वरण में, एनवायरेन्टमेंट में, फलकर बड़े हुए हैं । जो कुप्रवृत्ति देश में फैल रही है, यह सब विदेशी तृष्णा के कारण हो रहा है । सब कुछ अपना भर लो, केवल हम मजबूत हो जायं । इसी ने आतंकवाद की सृष्टि की है । यह आरोप लगाया जाता है कि कांग्रेस सरकार आतंकवाद का मुकाबला करने में असमर्थ रही है । हम पूछना चाहते हैं कि बरनाला सरकार ने क्यों नहीं इसका मुकाबला करा लिया ? हम जितना हो रहा है, कर रहे हैं । मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इस विधेयक का तो मैं समर्थन करता हूं, जितने भी आतंकवादी इस देश में हैं, विशेष रूप से पंजाब में हैं उन सब को बिना मोह के, जो संत भिंडरावाला ब्लू स्टार में मारे गये थे, उनके पिता जी हैं जोगेन्द्र सिंह और आतंकवाद के प्रतीक पुरुष बने हुए हैं और इस तरह के न जाने कितने लोग हैं जिनकी जानकारी सारे देश को है, ऐसे लोगों को कड़ाई के साथ, हमें उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ा से कड़ा कानून बना कर उनको हम अपने कब्जे में करें । इसके साथ ही जो विदेशों में आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले तत्व हैं, जिनके संबंध में कानून बाधक बन जाता है, चाहे वे लन्दन में हों, चाहे आस्ट्रेलिया में हों, चाहे अमेरिका में हों, चाहे पाकिस्तान में हों, उनके लिए हमें जरूरत पड़े तो निश्चित रूप से वहां की सरकारों से बात करनी चाहिए । अगर आतंकवादी उनके देश में जाकर छिपते हैं, उनको बढ़ावा दिया जाता है तो हमें उन देशों की सरकारों से साफ बात करनी चाहिए । हम तो शांति में विश्वास करते हैं । किसी के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और निश्चित रूप से जो विदेशी लोग आतंकवादियों को बढ़ावा देते हैं, आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, आग फूंकने का काम करते हैं, उनसे निपटने का काम हमें मुस्तैदी से करना चाहिए ।

जहां तक मानसिक परिवर्तन की बात है, आज सब लोग मिल करके, आइये, हमारा गणतंत्र सुरक्षित है---पजाब सिन्ध गुजरात मराठा, द्रविण, उत्कल बंगा, जब हम यह राष्ट्र गीत गाएंगे तो क्या पंजाब खालिस्तान बनेगा ? इसके लिए देश की पूरी जनसंख्या कुर्बान होने के लिए तैयार है, लेकिन पंजाब को खालिस्तान नहीं बनने देगी, चाहे उसके लिए करोड़ों सिर देने पड़े । आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी बहादुरी से श्री रिबेरो साहब, हमारे गवर्नर रे साहब और उनके सारे सहयोगी जो जन-मानस में विश्वास करते हैं, जनतंत्र में विश्वास करते हैं, जो अहिंसा परमोधर्म में विश्वास करते हैं, लड़ रहे हैं । 'परहित सरिस धरम नहीं भाई पर पीड़ा सम नहीं अधमाई' । तुलसीदास के इन शब्दों में हम विश्वास करते हैं । औरों को हंसते हुए देखकर अपने दुखों को भूल जाना चाहते हैं । सारा देश आज चाहता

हैं कि पंजाब में शांति स्थापित हो । पंजाब वीरों की धरती है, वहां के लोगों ने देश के लिये बड़ी कुर्बानी दी हैं । 'सतलुज, व्यासा, रावी, चिनाब, झेलम सिंह वहे पंजाब' । लेकिन आज सतलुज, रावी व्यास और चिनाब की नदियों के पानी को लेकर वहां पर आतंकवादी जिस तरह की हिंसा कर रहे हैं, ऐसी हिंसा भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में बहुत कम हुई है उससे निपटने के लिये, उसका मुकाबला करने के लिये इससे अच्छा और कोई उपाय नहीं हो सकता था कि राष्ट्रपति को अधिकार दिये जांयें और समय समय पर वहां की गतिविधियों का मूल्यांकन करके ऐसे उपाय किये जांयें जिससे जो हिंसा पंजाब में व्याप्त है वह हमेशा के लिये समाप्त हो सके ।

मुझे विश्वास है कि हमारी सरकार राजीव गांधी के नेतृत्व में वचनबद्ध है, हमारे प्रधानमंत्री जो सारे देश के प्रधानमंत्री हैं, वे इस आतंकवाद को मिटाकर छोड़ेंगे। आज एक दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा । अभी कहा गया है कि अंकुश लगाया जाय और भी कई तरह की बातें आई । मैं कहना चाहता हूं कि सब चाहते हैं कि आतंकवाद खत्म हो । इस सदन में बैठा एक भी सदस्य यह नहीं चाहता है कि आतंकवाद चले । मुझे पूर्ण विश्वास है कि हिंसा में कोई विश्वास नहीं करता । लेकिन पंजाब में जो आजकल मानसिकता है उसको कैसे बदलेंगे ? उस मानसिकता को बदलने के लिये माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज बहुत गंभीरता से सोचने का समय आ गया है और उस सोच में समस्त लोगों को मिलकर, उसमें कोई कांग्रेस और विरोधी दलों का प्रश्न नहीं है यह एक राष्ट्रीय प्रश्न है, राष्ट्र रहेगा, पंजाब रहेगा तभी विरोधी दल और कांग्रेस रहेगी, इस भावना के साथ आतंकवाद का मुकाबला किया जाये । वह जमाना गया जब कि तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो । अगर हमारे सामने कोई किसी की हत्या करता है तो उस हत्यारे को पकड़ कर सजा देने के लिए इतना लम्बा प्रोसेस हमारे कानून का है कि उसमें सालों लग जाते हैं । जनता तुरन्त सजा सुनना चाहती है । ऐसे लोगों से निश्चित रूप से कड़ाई के साथ पूछताछ करके उनके पास जो रहस्य हों उनको उगलवाना चाहिए, जनता ऐसा ही चाहती है । पंजाब की मानसिकता अगर बदलनी है तो वह इसी तरह से बदलेगी । मुझे विश्वास है, क्योंकि बहुत दिनों तक आतंकवाद चल नहीं सकता । जो विरोधी ताकतें हमारे देश में है, जो इसका राजनैतिक लाभ उठाना चाहती हैं, चाहे वे कहीं के लोग हों या विरोधी दलों के लोग हों, तो इससे उत्पन्न समस्या पर हम सब को मिल जुलकर विचार करना होगा और ऐसे तत्वों का मुकाबला करना होगा । हम प्रस्ताव पास कर लें, राष्ट्रपति महोदय को अधिकार दे दें और आतंकवादी, भले ही वे गुरुद्वारे में पनप रहे हों, भले ही वे बहुत बड़े अधिकारियों या सफेद पोश लोगों के घर में पलते हों, उनको वहां से खींचकर बाहर लाना होगा । जो राष्ट्र-द्रोही हैं, देश-द्रोही हैं जो देश को बांटने वाले लोगों के साथ मिले हुए हैं उनका हमको डटकर मुकाबला करना है । हमारा देश अशोक का देश रहा है । अशोक का कलिंग विजय के बाद हृदय परिवर्तन हुआ । अशोक ने, आज जो हमारा राष्ट्रीय चिह्न है, उसका सृजन किया था । सब के सुख में अपने शासन को, अपने अस्तित्व को उसने माना था । यह बुद्ध का देश है जहां करुणा का भाव उत्पन्न हुआ बुद्ध ने अपनी सत्ता छोड़ दी और मानवता की सेवा करना शुरू कर दिया । हजारों वर्षों के बाद एक लंगोटधारी संत, महात्मा गांधी इस देश में उत्पन्न हुए, जिन्होंने इस देश को स्वतंत्र किया । ऐसे देश में आतंकवाद चले, यह हमारे लिये गौरव की बात नहीं है। यह नानक का देश है, यह कबीर का देश है, यह तुलसीदास का देश है, यह सुब्रहमण्यम भारती का देश है । इस देश में परोपकाराय सतां विभूतयः परोपकार ही समस्त उपलब्धियों की सृष्टि है, इसमें हम विश्वास करते हैं । मुझे विश्वास है कि यह जो प्रस्ताव हम लाये हैं यह निश्चित रूप से देश के लिये लाभकारी होगा। इसमें 45 संसद सदस्य पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं । 30 लोकसभा के और 15 राज्यसभा के सदस्य मिलकर राष्ट्रपति जी को परामर्श देंगे ।

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

उसके अनुसार मुझे विश्वास है, मैं निराशावादी नहीं हूं, आग के गोले में खेलने में विश्वास रखने वाले लोग अभी भी इस देश में और संसद में हैं । मुझे विश्वास है कि यह समस्या सदैव के लिये जड़ से समाप्त होगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिये मैं आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Babul Reddy. You have eight minutes. You are known for your brevity.

SHRI P. BABUL REDDY (Andhra Pradesh): Sir, I will finish within seven minutes. Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity. As the hon. Minister rightly said, this is the usual follow-up action after the proclamation of the President's Rule. Nothing strange in the Bill. There is nothing to applaud nor anything to boast of. But this gives an opportunity to say a few words on a very sad situation which is prevailing in this great land of Punjab, the trouble through which the great people of Punjab are passing. Sir, the Punjab situation reminds me of the prayer of witches in Macbeth. The prayer was "double, double, toil and trouble". This is the situation Punjab is facing.

Sir, most people agree today that the rootcause for the Punjab trouble was the rise of Bhindranwale. May I ask the leaders of which party are responsible for bringing up that man to such a stature, who threw Punjab into this turmoil. It is not my purpose to blame X, Y or Z or any party. But one should now the rootcause for this. When President's Rule was imposed, most parties, most opposition parties, said that this was an unwise step. The AIADMK which is the ally of the Congress(I) also agreed with us. Many people committed a mistake. I must confess I share that mistake. When the Blue Star Operation was undertaken, some people felt that this was a mistake. I do not blame. It is not my purpose to blame .But at least, in retrospect, we must analyse the situation and say that we are wrong if we are really wrong. The Blue Star Operation was undertaken in a total misunderstanding of the Sikh psychology. At that time, the whole country minus the Sikhs might have felt that the Blue Star Operation was a good thing. Now, at least some people like me regret that we had taken a wrong decision. But we have to see what is the psychology, what is the thinking of the Sikhs on the other side. In my humble opinion, without exaggeration, 99 per cent of the Sikhs in their heart of hearts abhor the Blue Star Operation. There is no use saying 'I am right inmy understanding'. One should also understand the feelings of the other side. There is no use of damning them. You cannot damn them. If you look at the history, you can see what sacrifices the Sikhs had made during the freedom struggle and, therefore, what is really due to them, for their contribution in achieving freedom, should be given to them. It is very unfortunate. There cannot be more an ironical thing than the Sikhs killing Hindus. We were taught in the schools that the Sikhs were more or less an Army to defend the other faith. The elder brother is a Sikh, the younger brothers are Hindu. But politics has come into play. Interested people have encouraged some undesirable persons to come up.

So mistakes have been committed. It is no use bemoaning the mistakes that have been committed. The President's rule itself is a mistake. As Mr. John rightly said, if peoples' elected representatives cannot control terrorism, how can a Governor from Bengal control the situation there? It is not a dacoit movement that it can be controlled by force. It is a political movement. It should be solved at the political level. You encourage people like Bhindranwale and imprison people

like Badal who are very sensible people, whose patriotism cannot be doubted. Yesterday I felt very sorry when General Aurora pleaded for bare comforts for Mr. Badal who is now a NSA detenu. He was pleading for a radio, a fan and such other simple things. It is a shame. Today I may be in power, tomorrow I may be a detenu. People who are in power today may become detenus tomorrow. This cannot be ruled out. It happens in this country. So there must be a difference in approach.

The first thing I would suggest is that if you want to stop this carnage—you open any paper today, you find "in Punjab 21 people are killed"; it is not news; the news is if nobody is killed on a day in Punjab; the situation has come to that— his must be solved at the political level by understanding the Sikh psychology. The Sikh students, the Sikh youth should be called for a conference. If you can call Mizoram leader Laldenga for a conference who had been proclaimed as a man waging war against India for 22 or 25 years, there is nothing wrong in calling the Sikh Youth Federation. One minute more, Sir.

I appeal to the Government, I am not criticising the Government, let us not think of the mistakes, let us think of the future. You must release Mr. Badal and many others against whom there are no specific cases pending. You must appeal to the Sikh students and Sikh youth. Whatever mistakes have happened, have happened. Let us solve this problem. Let us save this great land of Punjab. Let this shame on the country be removed. It is in that spirit the Government should move, and if they move in that spirit, peace can be achieved in Punjab. This is my humble opinion. Thank you.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Sir, it is a tragic situation on which, I do not know, no expression comes The land where thousands of people bared their chests to the British police bullets in Jalianwalabagh, that Amritsar is in agonmy today. That place where Lala Lajpat Rai was beaten to death by the British, that glorious land of Punjab is in agony today.

Now what are we discussing? You have proclaimed President's rule; you have removed democracy. You forget that you are authoritarian; you forget that this society is an exploitative society where the poor are exploited by the rich—you representing the richer section of the society. You forget all that. You represent landlordism, you represent big business, you represent multinationals, your policies are only of not following the Directive Principles enshrined in the Constitution. And you allow money to operate.

What is the position in Punjab today? The economic base is threatened. There is starvation. Today there is drought in Punjab and agricultural production is going down. All the standards and educational institutions are in disarray. And what is it you are thinking? How do you think you can salvage this position? You think that by killing some terrorists you can salvage this position. Who gave you this funny idea? Have you gone through the books of Mahatma Gandhi? Who has given you this philosophy of the gun for rooting out this terrorism? You have removed a democratically elected Government that was existing there. You have not allowed the people's sentiments to act in Punjab and you are incapable of mobilizing public opinion in Punjab. That is because you were never found to be in the villages of Punjab. Peasants are dying in their sleep—the glorious martyrs of Punjab whom we are counting every day. The Communists and others are being shot dead in their sleep.

The Prime Minister says that Pakistan is interfering in India's internal situation by encouraging, arming and sending terrorists into Punjab. Today itself he has stated this. Pakistan is

[Dr. G. Vijaya Mohan Reddy]

allowing the U.S. to operate from there. Today it has allowed one port to be used by the U.S. for military purposes. It is giving them bases. Now the entire country is facing this danger. The border is insecure. And whenever there was a war with Pakistan, it was the Punjabi people who dared to stand on their roofs, it was they who dared to come into the streets, in spite of the bombings, with *rotis* for the jawans and that is how we were able to win our wars on that border. But you have forgotten everything. You have set aside the democratic norms.

Our party alone, during those days, was bold enough to speak against Operation Blue Star. Then you tried to remark against our Party. Afterwards, it is our party alone—the Telugu Desam Party—which said elections were necessary and that a democratic election alone was going to be the solution to the Punjab problem. Elections were conducted, but when you proclaimed President's rule it was our Party which said that promulgation of President's rule was not going to solve the problem but it was rather going to intensify every one of the contradictions that were existing in Punjab to such an extent that it would be beyond your control.

What is the performance of the law and order machinery? Within three months, six hundred people have been shot dead. Can you deny this? Six hundred people! Treble the number when Barnala was ruling! Why such a situation? Today, a person—Jathedar Darshan Singh of the Akal Takht—has suspended all his activities and gone back to his village. Several of the Akali Dal leaders have gone back to their villages. No initiative is there. In the cry of wilderness, the terrorists are given a free hand. And now we do not know how the situation can be salvaged. And your confidant man, Ribiero, the policeman, himself has stated that police cannot succeed, in his own statement.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please conclude now.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: How are you going to solve this? You have to go back to the democratic norms, allow the people to come into their own democratic way of functioning, and then public opinion has to be mobilised behind that democratic opinion. And it is going to be a great fight. And in this fight, we have to win. That is why, let today be the last day of President's Rule.

You may pass this Resolution because of your majority. But that is not going to serve any purpose. You please do understand that the democratically elected Legislature which is under suspended animation, must come into its own. All the political parties must mobilise public opinion.

India is a great country. There is no one in Punjab in favour of Khalistan. Even among the terrorists, it is also known that several of them do not like Khalistan, and some of them have been forced to support it because of the State terrorism. I know that the Congress Party, when it becomes authoritarian, is deadly.

You have joined hands with the Nizam. You have shaken hands with the razakars. They entered Telengana villages and burnt down 2,000 villages of Telengana. Thousands of youth have been killed in the armed struggle against the Nizam, we know. But the Congress, once it decides to take action, goes against the people.

That is why, I want the Congress Party and the Ministers to revive the ideals of the great freedom movement, to think in terms of democratic institutions, to see that there is freedom of speech in Punjab, to see that, as Mr. Babul Reddy said :

SHRIMATI AMARJIT KAUR (Punjab): Freedom of speech is there in Punjab.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: I know. In view of terrorism, how many times have you utilised the freedom of speech in Punjab? How many villages have you toured? You are a respected **Member of Parliament**. As a Member of Parliament, it is my duty to visit my constituency and go round the villages. How many of us are doing this? This is one thing which is required.

That is why, I request the Government of India to reconsider the entire policy towards Punjab and come back to democratic norms and democratic functioning so that this country can be safe and the imperialists are not left to take advantage of the Punjab situation

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The House now adjourns for lunch and will meet again at 2-30 P.M.

The House then adjourned for lunch at thirty-four minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-four minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai)** in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Sardar Jagjit Singh Aurora. Only five minutes.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak against the Bill. President's rule has been imposed again and the results of the last three months are known to everyone. They say once bitter twice shy. The Central Government has already been bitter twice but still persists with this effort. For the first time, you tried to solve the problem of Punjab in 1982-83 by fake encounters when the Congress was in power in Punjab. You only aggravated it. Then we had a dose of Presidential Rule which resulted in operation Blue Star followed by operation Woodrose which created a feeling of anger and revulsion in the whole community. Bhindranwale did not ask for Khalistan. His death has given his followers and others a handle for Khalistan to assuage their hurt feelings. Now, President's Rule has been imposed again and the result of the last three months are known to everyone. More innocent people have been killed by terrorists and the State apparatus in the last three months than were killed in one year during the duly elected Akali Dal Government. If there is one lesson to be learnt from this, it is that terrorism and certainly State terrorism does not pay. Accords do provide a solution provided they are implemented speedily and sincerely. In this dismal picture of Punjab, the only bright spot for a short spell was a period of Accord and the election and a short duration afterwards when the Akali Government was in power. At this stage, faith in the Centre's sincerity had been re-established. It got its first jolt on 26th January, 1986 and disappeared in June, 1986 after Venkataramiah's report. Instead of doing an honest appraisal, the Centre decided to go in for suppression to eliminate terrorism to the total exclusion of any political initiative or consideration. I cannot say whether it is to their credit or misplaced confidence of the Punjab Government, who felt that once the law and order situation improves a little, political initiative will follow and they wholeheartedly cooperated with the Centre. But when a few fleeting opportunities for political initiative were offered, these were ignored and no initiative was taken and it was not taken deliberately because by now, Haryana State Assembly election was looming large on the political horizon. It did not pay to take any political initiative in the Punjab. Naturally, no lasting improvement took place. Jathedar Darshan Singh's efforts at bringing about an understanding amongst the various Akali groups, in the month of February was successfully thwarted. The Chief Minister of

[Sardar Jaggit Singh Aurora]

Punjab was full somely praised in the Presedential Address to both Houses of Parliament on 28th February, 1987. For about six weeks, he was a beacon of secularism. Soonafter, he became incompetent and finally was dismissed on 11th May, 1987, again for reasons of election in Haryana. I must say it was a remarkable rise and fall in less than four and a half months. Unfortunately, for the Centre, however, this political chicanery did not fool anybody, either the people of Punjab or Haryana where the Congress suffered a complete debacle. In thirty months, a massive mandate had resulted in a massive defeat in Haryana.

Reimposition of President's Rule in Punjab has angered and upset the people. They are no longer ready to cooperate. The Central Government is working in a complete vacuum. Resentment is increasing day by day. Even though massive, oppressive measures, have been taken and the security forces have been given a completely free hand, the results are disappointing. As I said earlier on, there have been more people killed in the three months during Presidential rule than killed in the one year during the Akali State Government's rule. Jailing of thousands of young people and killing of the innocent cannot cause a change of heart, it can only embitter hearts.

I would like to mention something about the National Integration Meeting we recently had in Chandigarh under the Chairmanship of the Governor of Punjab. Representatives of all parties accepted that since the imposition of President's rule, the general situation had deteriorated and the credibility of the Central Government was at a low ebb. Various measures were considered, but none of them satisfied the people present because they all felt that if we were to go to the people, "What are we going to tell them? What have we got for them? What have we got for them by way of water? What have we got for them by way of killing of the innocent and that goes for both the communities?"

Let us accept that the problem of Punjab is poltical and it has been political from the beginning. It had been complicated from the beginning in order to gain electoral advantages by exciting and creating differences between the two communities, by creating fear complex against the Sikhs as being separatist and anti-national. Now, these aspects cannot promote a unified society and the people who are responsible for creation of these, to my mind, are the Central Government.

To end up, I opopse the Bill with great sincerity as I am convinced that President's Rule is working against the two main basic factors, human rights and democratic rights. By denying these rights to the people, you can only cause permanent damage to the integrity and safety of the country.

Thank you.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय जो विधेयक सदन के सामने विचाराधीन है उसमें विरोध करने लायक कुछ भी नहीं है। राष्ट्रपति राज के सवाल पर मतभेद हो सकते हैं लेकिन एक बार राष्ट्रपति राज लागू हो गया तो संसद को कानून बनाने का अधिकार लेना और इस सम्बन्ध में संसद सदस्यों की एक सलाहकार समिति का निर्माण, यह सही दिशा में एक कदम है।

महोदय, यह सच है कि पंजाब में राष्ट्रपति राज लागू करने का सवाल हरियाणा के चुनाव के साथ जोड़ दिया गया। राष्ट्रपति राज देर से लागू किया गया, गलत वक्त पर लाग किया गया। अभी जनरल अरोड़ा ठीक कह रहे थे कि राष्ट्रपति शासन लागू करने से पहले बरनाला सरकार की तुलना महाराजा रणजीत सिंह की सरकार से की गयी थी।

अमृतसर में जलियांवाला बाग में केन्द्र के एक मंत्री के मुंह से बरनाला सरकार को प्रशस्ति पत्र दिया गया था। अचानक बरनाला सरकार बर्खास्त करने लायक कैसे हो गयी ? सचमुच में राष्ट्रपति राज उस दिन लागू किया जाना चाहिए था जिस दिन अकाली बरनाला सरकार अल्पमत में आ गयी थी, विधान सभा में वह अपना बहुमत खो चुकी थी। कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर टिकी हुई थी, उस दिन अगर कांग्रेस पार्टी समर्थन वापस ले लेती और बहुमत के अभाव में पंजाब में राष्ट्रपति राज लागू करना पड़ता तो आज कांग्रेस पार्टी कठघरे में खड़ी न होती।

एक दूसरा पहलू भी रखना चाहता हूं। राष्ट्रपति राज गलत वक्त पर लागू किया गया। जैन मुनि सुशील कुमार जी केन्द्र की अनुमति से, केन्द्र को जानकारी में, स्वर्ण मन्दिर में अलग-अलग वर्गों से, अलग-अलग गुटों से बात करने के लिए गये थे। अभी न्यूयार्क में मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा था कि हम किसी नतीजे पर पहुंचने लगे थे कि राष्ट्रपति राज लागू कर दिया गया और हमें अमृतसर से वापस आना पड़ा। मैं जानना चाहूंगा कि इस सम्बन्ध में स्थिति क्या है ? बरनाला सरकार के चलते आतंकवाद पर नियन्त्रण असम्भव हो गया था क्योंकि बरनाला सरकार के कुछ मंत्री स्वयं मुख्य मंत्री की इच्छा के बावजूद आतंकवादियों से जुड़े हुए थे। बरनाला उन्हें काबू में नहीं रख सकते थे। स्थिति बिगड़ने लगी थी। समाज सुधार के नाम पर पंजाब में हिंसा और हत्या की एक ऐसी हवा फैल गयी थी जिसमें लोगों का पंजाब में रहना मुश्किल हो गया था। राष्ट्रपति राज को इतनी उपलब्धि माननी पड़ेगी कि समाज सुधार के नाम पर चलने वाला आन्दोलन कि महिला किस तरह के कपड़े पहने कौन लोग किस तरह की दुकानें करें, यह सिलसिला बंद हो गया। लेकिन आतंकवादियों की गतिविधियां बढ़ गयी हैं। पंजाब के बाद हरियाणा, दिल्ली, दिल्ली तो केन्द्र शासित है, पहले ग्रेटर कैलाश में सामूहिक हत्या हुई और बाद में कालकाजी में भारतीय जनता पार्टी के दो प्रमुख नेताओं की उनके घर के सामने भारत की राजधानी में दिन-दहाड़े गोली से मार दिया गया। अब ग्रेटर कैलाश में घटना हुई थी तो सरकार को चेतावनी दी गयी थी कि दक्षिण दिल्ली, चंडीगढ़, मोहाली, ये आतंकवादी अपने नये अड्डे बना रहे हैं। प्रभावी कार्रवाई रोकथाम के लिए नहीं की गयी। हत्यारे अभी तक पकड़े नहीं गये। आतंकवादियों का उद्देश्य साफ है। पंजाब में उन पर दबाव बढ़ा है मैं यह मानता हूं। लेकिन अगर वे और जगह घटनाएं करके बच निकलते हैं तो फिर उनके मनसूबे पूरे होने के लिए वातावरण बनेगा। उनके मनसूबे साफ हैं---हिन्दू और सिखों में दंगे कराना, पंजाब से गैर सिखों को निकालने की परिस्थिति पैदा करना। अब पंजाब से गैर सिख फिर से निकलने लगे हैं, ये खबरें आ रही हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि पंजाब पुलिस और पैरा-मिलिटरी फोर्सेज की मदद के लिए क्या पंजाब के तीन जिलों में जो पाकिस्तान से लगते हैं और जहां आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां केन्द्रित की हैं क्या उनकी मदद के लिए फौज की सहायता नहीं ली जा सकती ? मैं पंजाब में फौजी शासन की मांग नहीं कर रहा हूं। दिल्ली में फौज को कह दिया गया कि तैयार रहे। मेरठ में फौज ने मार्च किया। अहमदाबाद में भी फौज की आवश्यकता पड़ी थी। लोगों का निकलना रोकना भी बहुत जरूरी है। मगर पंजाब से लोगों का निष्क्रमण हुआ है और अगर पंजाब से निकलने वाले लोग देश के विभिन्न भागों में जाएंगे, दिल्ली में फिर से उन्होंने डेरा डाला तो वातावरण बिगड़ेगा। मैं दिल्ली की जनता को बधाई देना चाहता हूं। श्री सेठी और श्री मुंजाल की हत्या के बाद भी दिल्ली के लोगों ने संयम से काम लिया। बदले की एक भी घटना नहीं हुई। लोगों से आप क्या आशा करते हैं ? प्रधान मंत्री लाल किले पर बोले कि जनता साथ दे। किस तरह से साथ दे ? राष्ट्रपति जी ने भी अपील की है। हम मानते हैं कि आतंकवाद से निपटना सब का काम है। मगर इसमें आम आदमी क्या करे ? क्या सरकार की जिम्मेवारी नहीं है कि हिंसात्मक घटनाएं रोके ? मैं मानता हूं कि राष्ट्रपति का राज पंजाब की समस्या का समाधान

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

नहीं है । राज्यपाल रे या डायरेक्टर जनरल रिबेरो पंजाब का राजनैतिक हल ढूंढ लेंगे, यह न उनके बस की बात है और न इसकी जिम्मेवारी है । उनकी जिम्मेवारी इतनी है कि आतंकवाद को फैलने से रोकें, नियंत्रित करें, हिंसा और हत्या पर अंकुश लगाये । मगर केन्द्रीय सरकार क्या इस बात का जवाब दे सकती है कि इस सदन ने 249 के अन्तर्गत एक प्रस्ताव पास कर दिया, आपने पंजाब में सुरक्षा पट्टी क्यों नहीं बनाई । कल प्रधानमंत्री ने किसी पत्रिका को साक्षात्कार दिया और फिर से शिकायत की है कि पाकिस्तान से हथियार आ रहे हैं, पाकिस्तान में अड्डे हैं। आप हथियारों का आना और ट्रेनिंग लेकर जो लोग आ रहे हैं उनको रोकते क्यों नहीं ? सुरक्षा पट्टी का प्रस्ताव खटाई में क्यों डाल दिया गया ? पहले कहा गया कि बरनाला सरकार विरोध कर रही है । हम उस सरकार का विरोध मोल लेकर सुरक्षा पट्टी नहीं बनाना चाहते हैं । अब तो बरनाला सरकार नहीं है । केन्द्र का शासन है । अब आप सुरक्षा पट्टी को लागू करिये । राजस्थान में आवश्यकता है, गुजरात में आवश्यकता है । प्रधान मंत्री ने ठीक ही कहा कि हथियार आ रहे हैं, नशे की चीजें आ रही हैं, अवैध घुसपैठ हो रही है । मगर सरकार ने उस प्रस्ताव पर अमल नहीं किया । मैं चण्डीगढ़ गया था । राज्यपाल श्री रे से मेरी मुलाकात नहीं हो सकी; मगर डायरेक्टर जनरल श्री रिबेरो मुझे मिले । मैंने उनसे पूछा कि जो एन-काउन्टर की खबरें आ रही हैं, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, गलत है । वहां आतंकवादी निर्दोष लोगों को मार रहे हैं, यह भी नहीं भूलना चाहिए । लेकिन पुलिस निर्दोष लोगों को मारे, यह ठीक नहीं है । मैंने उनसे कहा कि अगर इस तरह के आरोप लगाये जायें तो आप क्या करें ? उन्होंने मुझ से कहा कि वे स्वयं सौ गांवों में हो आए हैं । वे गांवों में जाते हैं, गांवों की सभा में पूछते हैं कि क्या गांव में कोई नवजवान गायब है ? क्या कोई नवजवान मुठभेड़ में मारा गया है ? श्री रिबेरो का कहना है कि सौ गांवों में एक भी ऐसा व्यक्ति उन्हें नहीं मिला जो इस बात की पुष्टि करे कि कहीं गलत ढंग से लोग मारे गये हैं ।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: On a point of order, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): How can there be a point of order now when he is speaking?

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: There is a point of order. How do you say that there is no point of order? A statement has been made about Mr. Rebeiro. I only want to say that in a meeting with the Governor, one Mr.Kirpal Singh, who is an MLA, said that fifteen innocent people had been killed and that he could give the names of those persons. But Mr. Rebeiro never asked for those names... (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): He should have given those names... (*Interruptions*)...It was his duty to give those names if he happened to have them with him.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदय, पंजाब की समस्या केवल कानून और व्यवस्था की समस्या नहीं है, यह हम लोग भी स्वीकार करते हैं । समस्या देश की एकता और अखण्डता की रक्षा की है । केवल पुलिस के बल पर समस्या हल नहीं हो सकती है । लेकिन जब तक हिंसा और हत्या का सिलसिला बन्द नहीं होता है, राजनैतिक हल ढूंढने की दिशा में कैसे प्रगति की जा सकती है । अमृतसर में जो कुछ अभी हाल में घटनाएं हुई हैं, जिस तरह से अकाल तख्त के जत्थेदार श्री रागी को अमृतसर और अकाल तख्त छोड़कर जाना पड़ा है और जिस तरह से खालिस्तान की घोषणाएं हुई हैं उससे ऐसा लगता है कि आतंकवादी तुले हुए हैं मुठभेड़ के लिए । उनकी चुनौती का जवाब देने के अलावा और

कोई चारा नहीं है और उनकी चुनौती के जवाब में हम लोग अधिक से अधिक सहयोग दें।...(**व्यवधान**)... भजनलाल जी आप मत बोलिये । हरियाणा में बस हत्याकांड के बाद भजनलाल जी ने जो राजनीति की वह घटिया राजनीति थी ।

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री भजन लाल) : कैसे?...(**व्यवधान**)... उप-सभाध्यक्ष महोदय, अटल जी ने बहुत गुस्से में कहा कि मैंने इस तरह की राजनीति की । मैं जरा सा क्लेरीफाई करना चाहता हूं । जब मुझे पता लगा तो क्या मेरा फर्ज नहीं बनता था कि मैं हत्याकांड के मौके पर जाऊं । वह मेरा जिला है, मेरा घर है, गांव है जहां वह हत्याकांड हुआ । वह एरिया मेरा है । इसलिये मैं जाती तौर पर वहां गया । इनके सहयोगी, जो हरियाणा में राज करते हैं उन्होंने मेरे ऊपर इल्जाम लगाया कि इस हत्याकांड में भजनलाल का हाथ है । तो क्या मैं उनको चैलेंज न करूं ? मैं आज भी चैलेंज करता हूं कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जज इसकी जांच करे और अगर यह आरोप साबित हो तो भजनलाल हमेशा के लिये राजनीति से सन्यास ले लेगा और अगर वह साबित न हो तो वे इस्तीफा दे दें । यह मैं आज भी कहता हूं । अगर कोई मेरे खिलाफ इल्जाम लगाये तो क्या मुझे बोलने का अधिकार नहीं है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : **श्री भजन लाल** के खिलाफ आरोप यह नहीं है कि उन्होंने बस हत्याकांड कराया । ऐसा उनके ऊपर कोई आरोप नहीं है, उनका उसमें कोई हाथ नहीं है, मगर बाद में...

श्री भजन लाल : बार बार कहा है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : लेकिन बाद में जो हिंसा हुई उसमें भजनलाल जी से जुड़े हुए लोग मिले थे ।

श्री भजन लाल : यह भी गलत है कि इस तरह से बेबुनियाद बात कह दी जाये हम अगर यह कहना चाहें कि बी० जे० पी० और लोकदल और आपका हाथ है तो यह अच्छी बात नहीं है । यहां पर कांग्रेस की, लोकदल या बी० जे० पी० की बात न करें जिसका कसूर हो उनके खिलाफ करें । दिल्ली में जो लोकदल वालों ने विजय रैली के समय किया, क्या हालत उन्होंने की, लूटमार की, कैसी हालत उन्होंने यहां पैदा की ? बहू बेटियों की इज्जत तक लूटी गई, गरीबों के खोखे रेहड़ियां तक लूट लीं । यह-काम लोकदल वाले ही कर सकते हैं; कांग्रेस वाले नहीं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उस समय जो कुछ हुआ उसकी हमने वकालत नहीं की । (**व्यवधान**) मगर हरियाणा सरकार अभी चुनकर आई थी और उसको उत्तराधिकार में जब शासन मिला तो यह बस कांड जिसमें अचानक लोग मारे गये, अचानक हमला हुआ, हो गया । उसके लिये हरियाणा सरकार के खिलाफ राजनैतिक अभियान आरम्भ करना और वह भी एक केन्द्रीय मंत्री द्वारा, अगर भजनलाल जी केन्द्र में मंत्री न होते तो मुझे कोई शिकायत न होती ।

श्री भजन लाल : आप एक सीनियर मेम्बर हैं । आपको यह बात कहना शोभा नहीं देता । मैं आपका मान करता हूं । मैंने कुछ नहीं किया है । उन्होंने जो कुछ कहा है मैंने उसका जवाब मजबूरी में दिया है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उप-सभाध्यक्ष जी, मैं तो बोल रहा था । मैं भजनलाल जी का नाम भी न लेता । मैं सवेरे अलग से भजन कर लिया करता हूं । मुझे कोई भजनलाल जी का सदन में नाम लेने की जरूरत नहीं है ।

श्री भजन लाल : आप बोलिये और सुझाव दीजिये कि पंजाब की हालत बहुत बुरी है और पंजाब में इसका इलाज क्या होना चाहिए, कैसे हालात ठीक हो सकते हैं, उसके बारे में कोई सुझाव दीजिये ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं जो सुझाव यह दे रहा था सुरक्षा पट्टी बनाने का क्या यह सुझाव नहीं है, क्या तीन जिलों में सेना की मदद लेना, यह सुझाव नहीं है, क्या पंजाब के लोगों को संगठित करने के लिये गांव-गांव में रक्षा दल बनाने और जो आतंकवाद से लड़ना चाहते हैं, उन्हें हथियार देना और इस ओर सावधानी बरतना ताकि हथियार गलत हाथों में न चले जायें यह सुझाव नहीं है । वहां हमारा कार्यकर्त्ता मारा गया है, अभी कल हत्या हो गई, उन्होंने दम तोड़ दिया। हथियार नहीं हैं, लाइसेंस नहीं हैं । आतंकवाद से पुलिस हर जगह लड़ नहीं सकती, लोग लड़ना चाहते हैं लेकिन उनके पास हथियार नहीं हैं । हथियार महंगे हैं, उनके पास लाइसेंस नहीं हैं । गांव-गांव में रक्षा दलों को क्यों नहीं बनाया जा रहा है ? राज्यपाल अधिक से अधिक स्थानों पर जाने का प्रयत्न कर रहे हैं, मेहनत कर रहे हैं। मगर इतना काफी नहीं है । मैं सहमत हूं अपने मित्रों से कि इस लड़ाई में जनता का अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त होना चाहिए और इसके लिये पंजाब में मिलकर बैठें और बातचीत करें । राष्ट्रपति का शासन हमेशा नहीं रह सकता । एक दिन आयेगा जब राष्ट्रपति शासन की अवधि समाप्त होगी और पंजाब में फिर से चुनी हुई सरकार काम करेगी । हमारी भी इच्छा है लेकिन आज के वातावरण में जब तक आतंकवादियों द्वारा हिंसा और हत्यायें बंद नहीं होती, चुन-चुन कर लोगों को मारना और सामूहिक रूप से मारना, इस पर रोकथाम नहीं लगती, इसका राजनैतिक हल कैसे निकल सकता है, यह मेरी समझ में नहीं आता ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Shri Satya Prakash Malaviya; only four minutes please.

